# श्री राम का जयकारा | By Aman Saraf

जय श्री राम ......

राम के भक्तों पे चढ़ गया राम नाम का पारा
बाँध के भगवा सर पे बोले राम नाम जयकारा

श्री राम का बन गया मदिर जीता धर्म सनातन
राम राज्य आया है अब तो चलेगा राम का शासन
हर हिन्दू के ह्रदय बसा है यही एक ही नारा
बाँध के भगवा सर पे बोले राम नाम जयकारा

सजी अयोध्या फिर से घर में आये जो रघुनन्दन
प्रभु राम घर वापसी का खूब चला था मंथन
बनेगा मंदिर राम प्रभु का सबने था ललकारा
बाँध के भगवा सर पे बोले राम नाम जयकारा

जगमग दीप जला घर घर में शुभ दिन जो ये आया
विजयी भगवा रंग अमन हर हाथों में लहराया
कुंदन हर हिन्दू को लगता भगवा रंग ये प्यारा
बाँध के भगवा सर पे बोले राम नाम जयकारा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%9c%e0%a4%af%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-aman-saraf/